Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7555	18.07.2023	18.07.2023	Bilaspur Chhattisgarh	www.hindi.news18.com/Hindi https://hindi.news18.com/news/chhattisgarh/bilaspur-200-diarrhoea-patient-found-in-bilaspur-6927889.html
Title:	**200 diarrhoea patient found in bilaspur, Chhattisgarh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Bilaspur, SSU- Chhattisgarh			

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में डायरिया बेकाबू हो चुका है. हाल ही में डायरिया से एक महिला की मौत हुई थी. वहीं, अब शहर में डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या 200 के पार पहुंच चुकी है. सभी बीमारों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अधिकारियों ने बताया कि शहर के चांटीडीह इलाके में डायरिया से 72 वर्षीय कमला मिश्रा की मौत हो गई थी.

बिलासपुर शहर स्थित छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के कुलसचिव डॉक्टर केके सहारे ने बताया कि शुक्रवार को शहर के चांटीडीह क्षेत्र से 41 मरीज अस्पताल पहुंचे थे. सभी को उल्टी और दस्त की शिकायत थी. इलाज के दौरान कमला मिश्रा की मृत्यु हो गई थी. इसके बाद लगातार डायरिया मरीज मिलने का दौर शुरू हुआ. वहीं, सोमवार को शहर में 200 से अधिक डायरिया मरीज हो गए हैं. शुक्रवार को क्षेत्र के 14 बच्चों समेत 40 लोगों को और शनिवार को पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया था. बिलासपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेश शुक्ला ने बताया कि चांटीडीह क्षेत्र में लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत के बाद शुक्रवार को क्षेत्र में 52 घरों की जांच की गई थी.

पाइप लीकेज से हो रहे बीमार

शुक्ला ने बताया कि आशंका है कि जल-आपूर्ति के लिए बिछाए पाइप में लीकेज के कारण नाली का गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच गया है. इससे बड़ी संख्या में लोग बीमार हो गए. उन्होंने बताया कि इलाके में टैंकरों के माध्यम से साफ पानी की आपूर्ति की जा रही है. बीमारी फैलने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग के

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

साथ नगर निगम ने भी वहां एक शिविर की स्थापना की है. इलाके में घर-घर जाकर लोगों को डायरिया और उल्टी-दस्त से बचने की दवाइयां दी जा रही हैं.